प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 19.09.2024

थाना सिहानी गेट पुलिस टीम द्वारा कॉपर वायर लूटने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्ज़े से लूटा गया कॉपर वायर बरामद ।

दिनांक 07.09.2024 को हरजिन्दर सिंह ने थाना सिहानीगेट पर सूचना दी कि मेरी दुकान पर अज्ञात बदमाशो ने गार्ड को बन्धक बनाकर ताला तोड़कर कापर वायर को लूटकर ले गए है। इस सूचना पर थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर ,सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस टीम, मुखबिर की सूचना व लोकल इनपुट के आधार पर लूट करने वाले शातिर अभियुक्त नितिन व लूट का माल खरीदने वाले अभि0 जाहिद को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त नितिन राय ने बताया कि 10-11 दिन पहले मैं अपने साथियों की मदद से सरदार की दुकान में गार्ड को बंधक बनाकर कापर वायर लूटकर ले गए थे। उसमे से कुछ माल दिल्ली के बाबू कबाड़ी को बेच दिया था । मेरे हिस्से में जो पच्चीस हजार रुपये आये थे । वह मैंने शोक मौज में खर्च कर दिये,बचे माल को मैंने,आरिफ,नदीम व नदीम के साथी ने दिल्ली में ही आपस में बाँट लिया था। मेरे हिस्से में आये माल को आज में बेचने की फिराक में था।

नाम पता अभियुक्तगणः-

1. नितिन राय पुत्र मोहन राय हाल किरायेदार अमित का मकान चिनू वाली गली शिब्बनपुरा, थाना सिहानीगेट, गा0बाद
2. मो0 जाहिद उर्फ़ बाबू पुत्र मो यासीन निवासी बी-8/10 कबीर नगर गली न0 1 निकट मदीना मस्जिद थाना ज्योति नगर दिल्ली मूल निवासी ग्राम चरथावल जनपद मुज्जफरनगर

बरामदगी :-

लूटा गया कॉपर वायर बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

थाना सिहानी गेट पुलिस टीम